हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शनिवार, 15 नवंबर 2025

तापमान
अधिकतम 28.2 डिग्री
न्यूनतम 7.7 डिग्री

11 सफलता के लिए परिश्रम के साथ दृढ़ इच्छा शक्ति जरूरी



12 बिहार चुनाव में जीत पर भाजपा ने मनाया जश्न



## खबर संक्षेप

### घर जाकर पैसे देने का बहाना बनाकर लूटा

**गोहाना।** जींद के एक युवक से गोहाना में नकदी और एक पैकेट सर्फ लूट लिया। उसे एक व्यक्ति मिला और कहा कि उसके पास रुपए नहीं हैं जो घर जाकर सर्फ का भुगतान करेगा। यह कहकर उसे बाइक पर बैठा लिया और रास्ते में पेचकश दिखाकर उससे लूट की। शहर थाना में केस दर्ज किया गया। जींद में में राम कालोनी के राहुल ने पुलिस को बताया कि वह फेरी लगाकर जगह-जगह सर्फ बेचता है। गुरुवार को गोहाना में सर्फ बेचने आया था। शाम को वह पानीपत चुंगी के निकट सर्फ बेच रहा था। बाइक पर सवार एक व्यक्ति उसके पास आया और कहा कि उसे एक बैग सर्फ खरीदना है लेकिन फिलहाल जेब में रुपए नहीं है। उसने कहा कि उसका घर नजदीक में है और वह वहां जाकर भुगतान कर देगा। वह उस व्यक्ति के साथ बाइक पर बैठ लिया। वे पानीपत चुंगी से आगे गए तो वह व्यक्ति बाइक को सुनसान रास्ते पर ले गया। इसके बाद बाइक रोककर उस पर पेचकश से वार करने की कोशिश की। वह डर गया और रोड की तरफ भागने लगा। उस व्यक्ति ने उसकी जेब से 35 सौ रुपए निकाले और 15 किलोग्राम का सर्फ का बैग भी छीन लिया।

### पिकअप की टक्कर में युवक की मौत

**गन्नौर।** लड़सौली से राजपुर सड़क पर पैदल जा रहे दो युवकों को एक तेज रफ्तार पिकअप गाड़ी ने टक्कर मार दी। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा घायल हो गया। मृतक के भाई ने अज्ञात पिकअप गाड़ी चालक के खिलाफ थाना बड़ी में शिकायत दी। शिकायत में लखीमपुर, उत्तरप्रदेश के रहने वाले कन्हैया ने बताया कि वह लड़सौली में किराये पर रहता है और यहां एक कंपनी में नौकरी करता है। उसका छोटा भाई 15 वर्षीय सोनू राज भी नौकरी की तलाश में उसके पास आया हुआ था। 13 नवंबर को उसका भाई सोनू राज पड़ोसी बलजीत के साथ लड़सौली से राजपुर सड़क पर मौजूद थे। इस दौरान पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार पिकअप गाड़ी ने उसके भाई व बलजीत को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। इस हादसे में उसके भाई सोनू राज की मौत हो गई।

### अमर बलिदानी के 350वें बलिदान दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने की शिरकत

# दादा कुशाल सिंह दहिया का बलिदान स्वाभिमान साहस और वीरता की अद्वितीय मिसाल : नायब






हरिभूमि न्यूज ▶▶ राई

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अमर बलिदानी दादा कुशाल सिंह दहिया के 350वें बलिदान दिवस पर राई में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए युवाओं से आह्वान किया कि वे दादा कुशाल सिंह दहिया जैसे वीरों के आदर्शों से प्रेरणा लें और भारत को विश्वगुरु बनाने के संकल्प के साथ अपने धर्म, संस्कृति एवं देश की गरिमा की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा 'हिंद की चादर श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें बलिदान वर्ष के उपलक्ष्य में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस श्रृंखला में प्रदेशभर में चार पवित्र यात्राओं का आयोजन किया जा रहा है, जो पूरे हरियाणा को कवर करेंगी। इन यात्राओं का समापन 24 नवंबर को कुरुक्षेत्र में होगा। 25 नवंबर को, गुरु तेग बहादुर जी के बलिदान वर्ष पर कुरुक्षेत्र में महासमारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्य अतिथि के रूप मे शामिल होंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में केंद्र सरकार भारत की आध्यात्मिक विरासत को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

- बढ़खालसा में दादा कुशाल सिंह दहिया के शहीदी स्मारक का किया जाएगा जीर्णोद्धार
- गांव की सड़क को दादा कुशाल सिंह दहिया के नाम से जाना जाएगा

#### महापुरुषों का सम्मान

*पिछले 11 वर्षों में सिख विरासत, महापुरुषों, गुरु-गद्दियों और ऐतिहासिक स्थलों को जो सम्मान और महत्व मिला है, वह हमारी राष्ट्रीय नीति का अभिन्न हिस्सा है। गुरु नानक देव जी की 550वीं जयंती से लेकर अब गुरु तेग बहादुर जी के 350वें बलिदान वर्ष तक भारत आध्यात्मिक उन्नति की दिशा में तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। बलिदान दिवस पर कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने अनेक घोषणाएं करते हुए कहा कि जीटी रोड से बढ़खालसा जाने वाली रोड को अब दादा के नाम से जाना जाएगा।*

#### बलिदान इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित : महिपाल ढांडा

शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने दादा कुशाल सिंह दहिया को नमन करते हुए कहा कि उनका बलिदान इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। सोनीपत की यह पावन धरती गौरवान्वित है कि उसने दादा कुशाल सिंह दहिया जैसे वीर को जन्म दिया, उनका त्याग हरियाणा की मिट्टी में साहस, सत्य और स्वाभिमान की अमर गाथा के रूप में दर्ज है। ऐसे वीरों के कारण ही हमारी संस्कृति, हमारी पहचान और हमारे मूल्य आज तक सुरक्षित और जीवंत बने हुए हैं। ओएसडी वीरेंद्र बड़खालसा ने कहा कि दादा कुशाल सिंह दहिया त्याग की मूर्ति थे,जब धर्म,धरा और संस्कृति पर आंच आई तो उन्होंने अपना शीश कटाने से गुरेज नहीं किया। कार्यक्रम में हरियाणा की लगभग खापों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया है।



#### मुख्यमंत्री ने इन विकास कार्यों का ऐलान किया

बढ़खालसा सामुदायिक केंद्र का नाम अमर शहीद दादा कुशाल सिंह दहिया किया जाएगा। गांव बढ़खालसा में दादा कुशाल सिंह दहिया के शहीदी स्मारक का जीर्णोद्धार किया जाएगा। गांव दीपालपुर में ग्राम पंचायत द्वारा उपलब्ध कराई गई भूमि पर एक करोड़ रुपए की राशि से महिलाओं एवं युवाओं के लिए स्किल डेवलपमेंट पार्क बनाया जाएगा। साथ ही, गांव दीपालपुर में कम्युनिटी सेंटर का निर्माण करवाने की भी घोषणा की जिसके ऊपर लगभग 65 लख रुपए की राशि खर्च होगी। मुख्यमंत्री ने बढ़खालसा स्मारक को भी 31 लाख रुपए देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री के कहा कि राई विधानसभा क्षेत्र में 25 किलोमीटर के रास्तों को खेत-खलिहान योजना के तहत पक्का करवाया जाएगा। इसके अलावा उन्होंने मलिकपुर से ताजपुर के बीच रास्ते को ऊंचा उठाने, बीस्वा मिल से लेकर बरोट चौकी तक रोड को ठेकेदार के माध्यम से ठीक करवाने, मलिकपुर से ताजपुर के बीच रास्ते पर लगते हुए तालाब का सौंदर्यकरण करवाने, हल्के के गांवों में विभिन्न तालाबों का पोंड डेवलपमेंट अथॉरिटी द्वारा निरीक्षण करवा कर आवश्यकता अनुसार इसका विस्तारिकरण एवं सौंदर्यकरण करवाने, भूमि की उपलब्धता के आधार पर कुंडली में अर्बन स्वास्थ्य केंद्र के भवन का निर्माण करवाने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि बहालगढ़ वासियों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था गांव जाजल के रेनीवेल से जोड़कर करवाई जाएगी। साथ ही, बहालगढ़ के लिए सीवेरज सिस्टम हेतु गांव खेवड़ा में एसटीपी के लिए उपलब्ध जमीन पर एसटीपी का निर्माण करवाया जाएगा।

### सहकारिता से समृद्धि और समृद्धि से आत्मनिर्भरता लाना यही हमारा लक्ष्य : मुख्यमंत्री

**सोनीपत।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को सोनीपत में 72वें राज्य स्तरीय सहकारिता सप्ताह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है और गांवों की प्रगति का रास्ता सहकारिता से होकर गुजरता है। इस साल को हम सहकारिता वर्ष के रूप में मना रहे हैं। यह आयोजन सहकारिता से समृद्धि और समृद्धि से आत्मनिर्भरता के संकल्प को सिद्ध करने में अहम भूमिका निभाएगा, यही हमारा लक्ष्य है। मुख्यमंत्री ने युवाओं से आह्वान किया कि वे पारंपरिक सोच से बाहर निकलकर सहकारी समितियां बनाएं और डिजिटल इंडिया के माध्यम से सहकारी समितियों को ग्लोबल ब्रांड बनाएं। कार्यक्रम की शुरूआत में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सहकारिता का झंडा फहराया और इसके बाद सहकारिता प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, विधायक कृष्णा गहलावत, विधायक निखिल मदान, विधायक पवन खरखौदा, विधायक देवेंद्र कादियान, सोनीपत नगर निगम मेयर राजीव जैन, देवेंद्र कौशिक, प्रदीप सांगवान, सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण की सीईओ ए मोना श्री निवास व अन्य गणमान्य मौजूद रहे।



#### बिहार चुनाव में जीत की खुशी : मुख्यमंत्री नायब सैनी ने खाई गोहाना की जलेबी

बिहार चुनाव में हुई भाजपा की बम्पर जीत पर सहकारिता कार्यक्रम के दौरान सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने मुख्यमंत्री को जीत की बधाई दी। इस दौरान सहकारिता मंत्री ने गोहाना की जलेबी मंगवाई और कार्यक्रम के बीच में ही मुख्यमंत्री व अन्य अतिथियों को जीत की खुशी में गोहाना की जलेबी खिलाई।

#### हर घर को सहकार से जोड़ेंगे

सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि गांव, समाज मे मिलकर काम करने की परंपरा रही है, यही सहकार है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2021 में सहकारिता मंत्रालय का गठन करते हुए हर घर को सहकार से जोड़ने का संकल्प लिया था। उनके लक्ष्य को सिद्धि तक लेकर जाने के लिए केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने नई सहकारिता नीति लागू की व देश की पहली सहकार यूनिवर्सिटी की नींव रखी है।

### ट्रैफिक जवान की सजगता, बुजुर्ग को रोड पार करवाया



**सोनीपत।** मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दौरान वीरवार को एनएच-44 स्थित बिस्वा मील चौक पर ट्रैफिक पुलिस के एक जवान ने मानवीयता की मिसाल पेश की। कार्यक्रम स्थल के पास एक बुजुर्ग व्यक्ति सड़क पार करने में असमर्थ नजर आए। स्थिति को भांपते हुए ड्यूटी पर तैनात जवान ने तत्काल वाहनों को रोककर उनके लिए सुरक्षित मार्ग बनाया। जवान की सजगता और संवेदनशीलता के कारण बुजुर्ग व्यक्ति बिना किसी खतरे के सड़क पार कर सके। घटना को आसपास मौजूद लोगों ने सराहा और ट्रैफिक पुलिस के इस व्यवहार को जनता के प्रति सेवा भावना का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। मौके पर मौजूद लोगों ने कहा कि ऐसे छोटे-छोटे मानवीय कार्य समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं।

### ज्ञापन देने जा रहे थे हिरासत में लिया

**सोनीपत।** बिजली विभाग से निकल गए कर्मचारी को वापस लेने की मांग को लेकर मुरथल में मुख्यमंत्री को ज्ञापन देने जा रहे प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। जिला पार्षद संजय बड़वासनिया के नेतृत्व में प्रदर्शनकारी लघु सचिवालय के करीब हनुमान मंदिर के सामने इकट्ठा हुए थे। यहां से नारेबाजी करते हुए प्रदर्शनकारी आगे बढ़े तो पुलिस ने इन्हें हिरासत में ले लिया। इन सभी को थाना शहर ले जाया गया। जिला पार्षद संजय बड़वासनिया ने कहा कि यह लोकतंत्र का हनन है। तीन दिन से सभी कर्मचारी शांतिपूर्वक धरना दे रहे हैं और निकाले गए कर्मचारियों को वापस लेने की मांग कर रहे हैं।

## बारात में युवक पर हमला, पीजीआई रेफर

**खरखौदा।** खरखौदा में बारात के दौरान युवक पर हुए जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। पीड़ित बिजेन्द्र उर्फ विजय, निवासी रोहणा हाल वार्ड संख्या एक खरखौदा ने थाना खरखौदा में दी शिकायत में बताया कि वह अपने परिचित रोहित की शादी में 12 तारीख को प्रताप कालोनी पहुंचा था। बारात के दौरान दीपक की गाड़ी का शीशा जगबीर ने तोड़ दिया, जिसे लोगों ने मौके पर सुलझा दिया। इसके बाद लगभग 12 बजकर 10 मिनट पर नवीन, जगबीर, कुलदीप और सुशील ने उसका रास्ता रोक लिया। सुशील ने पीछे से पकड़ लिया और अन्य तीनों ने बर्फ तोड़ने वाले सुए से उसके पेट, छाती और कमर पर वार किए। शोर सुनकर दीपक और विकास ने उसे छुड़ाया।

#### पुलिस ने केस दर्ज किया

घायल बिजेन्द्र को पीजीआई रोहतक ले जाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। पीड़ित ने आरोपियों के




विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी पवन कुमार का कहना है कि फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। जैसे ही पीजीआई से रिपोर्ट आएगी उसके आधार पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस सक्रिय है। इस संदर्भ में कई लोगों से पूछताछ की जा चुकी है। पुलिस सीसीटीवी कैमरे का रिकॉर्ड भी खंगाल रही है।

## गोपालपुर हत्याकांड : शूटर कर्ण चार दिन के रिमांड पर

**खरखौदा।** गोपालपुर के पिता-पुत्र की सनसनीखेज हत्या के मामले में स्पेशल यूनिट एंटी गैंगस्टर (एसयूएजी) की टीम को बड़ी सफलता मिली है। टीम ने शुक्रवार को वारदात में शामिल मुख्य शूटर कर्ण को गिरफ्तार कर लिया। कर्ण थाना कलां गांव का रहने वाला है। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से चार दिन की पुलिस रिमांड मंजूर की गई।24 अक्तूबर को गोपालपुर निवासी बुजुर्ग बुधराम ने पुलिस को शिकायत देकर बताया था कि उनका पोता मोहित और बेटा धर्मबीर पेशी के लिए



सोनीपत कोर्ट जा रहे थे। वह भी साथ में खरखौदा तक जाने के लिए बाइक पर सवार हो गए। थाना कलां फ्लाईओवर से पहले उन्हें बाइक से उतार दिया गया, जबकि दोनों आगे बढ़ गए। इसी दौरान सामने से आई स्कॉर्पियो ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों नीचे जा गिरे। बुधराम के अनुसार, स्कॉर्पियो से उतरे खरखौदा के मोहित, हुमायुपुर हाल खरखौदा के मनीष और एक अन्य साथी ने उनके बेटे और पोते पर फायरिंग शुरू कर दी। दोनों की वहीं मौत हो गई। यह हमला पुराने रंजिश से जुड़ा बताया गया है। इस दोहरे हत्याकांड में एसयूएजी टीम अब तक खरखौदा के देवराज, बवाना दिल्ली के रोहित और खरखौदा के राहुल को पकड़ चुकी है। कर्ण चौथा पकड़ा गया आरोपित है, जिसे पुलिस वारदात का मुख्य शूटर मान रही है। पुलिस ने कहा कि रिमांड के अहम खुलासे होने की उम्मीद है।

### पूर्व सरपंच पांच दिन के रिमांड पर

**सोनीपत।** पिपली गांव निवासी अजय (27) पीटकर हत्या के मामले में गिरफ्तार पूर्व सरपंच रामनिवास को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। जहां से पुलिस के आवेदन पर कोर्ट ने आरोपित को पांच दिन के रिमांड पर भेजने का आदेश दे दिया है। पिपली गांव में अजय (27) सोमवार की रात करीब आठ बजे खरखौदा स्थित जिम से घर लौट रहे थे। इसी दौरान उन पर गांव के सरकारी स्कूल के पास हमला कर दिया गया था। हमले में अजय की गाड़ी भी तोड़ दी गई थी। गंभीर रूप से घायल हुए अजय को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया था। उपचार के दौरान अजय की मौत हो गई थी। हालांकि दम तोड़ने से पहले उन्होंने ने हमला करने वाले पांच लोगों के नाम बयान में लिए और साजिश रचने का आरोप पूर्व सरपंच रामनिवास पर लगाया था। पुलिस ने वीरवार को आरोपी रामनिवास को गिरफ्तार कर लिया था। अभी हमलावरों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। घटना के हर पहलू की जांच के लिए आरोपी को पांच दिन का रिमांड लिया है।

### डीएस ढेसी ने सचिवालय सभागार में ली अधिकारियों की बैठक

# सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण के विस्तृत क्षेत्र में विकास के लिए सरकार कटिबद्ध : मुख्य सलाहकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

लघु सचिवालय स्थित सभागार में शुक्रवार को शहरी विकास के मुख्य सलाहकार डीएस ढेसी ने सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण की बैठक की अध्यक्षता करते हुए सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि आपसी तालमेल और सहयोग से विकास कार्यों को पूरा करें। डीएस ढेसी ने बताया कि सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण जिले में सभी मुख्य कार्यो को जैसे म्हारी सड़क एप, सोनीपत क्षेत्र में कुंडली-नाथूपुर मेट्रो विस्तार, स्टांप ड्यूटी, जाट जोशी में स्थापित होने वाले नए बस स्टैंड, राजीव गांधी एजूकेशन सिटी में खाली पड़े प्लॉटों के वितरण, सोनीपत नगर निगम क्षेत्र में अपशिष्ट जल उपचार संयंत्र में अन्य परियोजनाओं पर चर्चा की।




#### विकास कार्यों पर विस्तृत चर्चा

*मुख्य सड़कें, जलापूर्ति, जिले के बुनियादी ढांचे का विकास, शहर के बीच से गुजरने वाली ड्रेन-6 के दूषित पानी को यमुना नदी में सीधे तौर पर प्रवेश पर रोकथाम। ड्रेन को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए एसएमडीए व नगर निगम सोनीपत को संयुक्त रूप से जिम्मेदारी सौंपने के साथ, शहरवासियों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए सीसीटीवी कैमरों का संचालन एवं अन्य सभी मुख्य कार्यों को सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण के द्वारा किया जाएगा। इसके अलावा जो विकास कार्य अभी चल रहे हैं, उन कार्यों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई।*

#### प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी रहे मौजूद

उपायुक्त सुशील सारवान ने बताया कि सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण के द्वारा किए जाने वाले कार्यो के लिए शुक्रवार को संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई। बैठक के दौरान अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। इस मौके पर सीईओ एसएमडीए ए.मोना श्रीनिवास, अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन, नगर निगम आयुक्त हर्षित कुमार, एसीयूटी आईएएस योगेश दिल्हौर, डीसीपी कुशाल सिंह, एचसीएस मीना हुड्डा, डीआरओ सहित अन्य मौजूद रहे।

## बलियाना में दोहरे हत्याकांड के आरोपियों को कोर्ट ने जेल भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

विगत 7 नवंबर को टोल प्लाज़ा के पास पुलिस और अपराधियों के बीच हुई मुठभेड़ में गोली लगने से घायल हुए बलियाना गांव निवासी शनि और हिमांशु को उपचार के लिए पहले खरखौदा सिविल अस्पताल व बाद में खानपुर पीजीआई रेफर किया गया था। उपचार पूरा होने पर दोनों को पीजीआई से छुट्टी मिल गई, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर खरखौदा न्यायालय में पेश किया। न्यायालय में जज विक्रांत ने आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजने के आदेश दिए।

जानकारी के अनुसार दोनों आरोपी बलियाना गांव में 7 नवंबर को हुए पिता-पुत्र दोहरे हत्याकांड के मुख्य आरोपी हैं। इस वारदात में कुल 5 आरोपी बताए गए हैं। वारदात के बाद ये दोनों आरोपी सोनीपत की ओर भाग रहे थे। स्पेशल



एंटी गैंगस्टर टीम ने झरोठी टोल प्लाज़ा के पास उन्हें पकड़ने की कोशिश की, लेकिन आरोपियों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई, जिससे शनि के दाएं पैर और हिमांशु के दोनों पैरों में गोली लगी। उपचार के बाद अब दोनों को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन दोनों को न्यायिक हिरासत में भेजा है।

### हार्डवेयर और कन्फेक्शनरी दुकानों में चोरी, आरोपी सीसीटीवी में कैद



**गन्नौर।** सर्दी का मौसम शुरू होते ही शहर में चोरी की वारदातें बढने लगी हैं। शुक्रवार सुबह जीटी रोड स्थित हार्डवेयर और कन्फेक्शनरी की दुकानों के बाहर से बाइक सवार युवक सामान चोरी कर ले गया। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें चोर पहले हार्डवेयर दुकान के बाहर रखी पेंट की बाल्टी और फिर दूसरी दुकान के बाहर रखी कोल्ड ड्रिंक की पेटी उठाकर बाइक पर फरार होता दिखाई दे रहा है। दुकानदारों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से क्षेत्र में चोरी की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। फुटेज के वायरल होने के बाद भी चोर का सुराग नहीं लग पाया है।









# जल विभाग में नौकरी है शानदार करियर ऑप्शन



**नॉलेज**

यंगभूमि डेस्क

भारत में कार्यों को अलग-अलग विभाग के माध्यम से किया जाता है। भारत में पुलिस विभाग जिस प्रकार से अपना काम करता है। उसी प्रकार के जल विभाग के द्वारा जल से संबंधित कार्यों को भारत में किया जाता है। जल विभाग के कार्यों को करने के लिए भारत में जल विभाग की नौकरी और जल विभाग भर्ती का भी आयोजन नियमित रूप से किया जाता है। जल विभाग में भर्ती आने के पश्चात विद्यार्थी किस प्रकार से जल विभाग में नौकरी हासिल कर सकता है। इसके बारे में ज्यादातर लोगों को जानकारी नहीं है। आज के आर्टिकल में हम आपको जल विभाग में नौकरी के बारे में डिटेल में जानकारी देंगे।

## क्या होता है जल विभाग

सरकार का एक ऐसा डिपार्टमेंट जिसके माध्यम से जल संबंधित समस्त समस्याओं को दूर करने के कार्य किए जाते हैं। उसे जल विभाग कहते हैं। जल विभाग एक सरकारी विभाग है जो हर जिला में इसका मुख्यालय होता है। जल विभाग के जिले में स्थित कार्यालय की मदद से जिले में उत्पन्न होने वाली जल संबंधित समस्याओं को दूर किया जाता है।

### जल विभाग की नौकरी सरकारी

राज्य सरकार और केंद्र सरकार के द्वारा प्रतिवर्ष रिक्त पदों को ध्यान में रखते हुए जल विभाग में आवश्यक रिक्त पदों को पूरा करने के लिए सरकारी भर्ती का आयोजन किया जाता है। जल विभाग की सरकारी नौकरी के लिए विद्यार्थियों को 12 वीं पास होना अनिवार्य है। विद्यार्थियों को इस भर्ती में आवेदन लगाने और इस भर्ती के तहत जल विभाग में शामिल हो सकते हैं और जल विभाग में सरकारी नौकरी पा सकते हैं। जो विद्यार्थी जल विभाग में उच्च पदों पर नौकरी हासिल करना चाहते हैं। उन विद्यार्थियों को ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्री करनी पड़ती है। उसके अकॉर्डिंग जल विभाग के अलग-अलग पदों पर आवेदन किया जा सकता है। जल विभाग भर्ती में एग्जाम होने के बाद इंटरव्यू भी होता है और एग्जाम पास करने वाली उम्मीदवारों को डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के लिए बुलाया जाता है और उसके पश्चात नियुक्ति पत्र प्रदान करवा कर जल विभाग में नौकरी दे दी जाती है।

## महत्वपूर्ण जानकारी

राज्य का जल संसाधन विभाग एक सरकारी विभाग यहां राज्य में जल की आपूर्ति पूरे करने का कार्य करता है। जल संसाधन विभाग के माध्यम से राज्य में पेयजल की आपूर्ति पूरी करने के साथ-साथ जहां पर जल के माध्यम से सिंचाई होती है। वहां सिंचाई हेतु जरूरी जल की आपूर्ति को पूरा करना होता है। कई बार जल विभाग के कर्मचारियों को पानी के टैंक और पाइपों की सफाई जैसे महत्वपूर्ण कार्य करने होते हैं। इतना ही नहीं नहर की सफाई के कार्य भी करवाने होते हैं। ताकि घरों तक पहुंचने वाला पेयजल शुद्ध पहुंचे।

### जरूरी योग्यता

- जल विभाग में नौकरी लेने वाले उम्मीदवार की उम्र 18 वर्ष से 30 वर्ष होना अनिवार्य है।
- जो उम्मीदवार जल विभाग में नौकरी लेने के लिए आवेदन करना चाहता है।
- वह भारत का नागरिक होना जरूरी है।
- उम्मीदवार के ऊपर किसी भी प्रकार का जुर्म होने का आरोप व पुलिस केस नहीं होना चाहिए।
- उम्मीदवार मानसिक व शारीरिक रूप से स्वस्थ होना अनिवार्य है।

## भर्ती होने की प्रक्रिया

जो उम्मीदवार जल विभाग भर्ती में आवेदन लगा कर चल विभाग में नौकरी पाना चाहता है। उस उम्मीदवार को जल विभाग में भर्ती होने की प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी होना जरूरी है। जल विभाग में आने वाली भर्तियों में उम्मीदवार को आवेदन करने के बाद लिखित परीक्षा में भाग लेना होता है। लेकिन परीक्षा को पूरा करने के पश्चात उम्मीदवार को दूसरे चरण के तौर पर एक और लिखित परीक्षा में भाग लेना होता है। पहले लिखित परीक्षा में उम्मीदवार को सामान्य ज्ञान से संबंधित सवाल पूछे जाते हैं और दूसरी लिखित परीक्षा में उम्मीदवार के लिए विषय से संबंधित सवाल पूछे जाते हैं। जल विभाग के जिस पद पर उम्मीदवार नौकरी के लिए आवेदन करता है। उस पद से संबंधित सवाल दूसरे पेपर में पूछे जाते हैं। दोनों पेपर पास करने के बाद उम्मीदवार को तीसरे चरण के तौर पर साक्षात्कार के लिए भेजा जाता है। साक्षात्कार पास करने वाले उम्मीदवार को आगे जॉइनिंग लेटर देकर नौकरी पर नियुक्त कर दिया जाता है।

**कौन-कौन से पद होते :** भारत में जल विभाग में अलग-अलग पदों पर अलग-अलग भर्तियों का आयोजन किया जाता है। भारत में जल विभाग में कौन-कौन से पद होते हैं। इसके बारे में नीचे जानकारी दी गई है।

- इंजीनियर
- असिस्टेंट इंजीनियर
- जूनियर इंजीनियर
- लिपिक संवर्ग
- सफाई कर्मी
- ड्राइवर

**सैलरी :** जल विभाग में उम्मीदवार को कितनी सैलरी मिलती है। इसके बारे में बात की जाए तो जल विभाग में बहुत सारे अलग-अलग पद होते हैं। सफाई कर्मी से लेकर इंजीनियर के पद पर भी इस विभाग में उम्मीदवारों को चयनित किया जाता है। जल विभाग में उम्मीदवारों की सैलरी के बारे में बात करें तो उच्च श्रेणी पर कार्यरत उम्मीदवारों को 30000 से लेकर 67000 की सैलरी मिलती है और नीचे जूनियर और सफाई कर्मी के तौर पर काम करने वाले उम्मीदवारों को 15000 से 25000 तक की सैलरी मिल जाती है।

---

## केवल कोडिंग सिखाना नहीं, तार्किक सोच में सक्षम बनाना उद्देश्य

# बी.टेक के बाद करियर के शानदार विकल्प डिजिटल युग के सबसे प्रतिष्ठित रोजगार

**डॉ. मोहित बंसल**

करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर



### आधुनिक तकनीकों की गहन समझ करता प्रदान



बी.टेक (कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग) एक चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम है जो विद्यार्थियों को कंप्यूटर सिस्टम, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, डेटा प्रोसेसिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और नेटवर्किंग जैसी आधुनिक तकनीकों की गहन समझ प्रदान करता है। इस कोर्स के दौरान विद्यार्थियों को प्रोग्रामिंग लैंग्वेज (C, C++, Python, Java), डेटा स्ट्रक्चर, एल्गोरिदम, डेटाबेस मैनेजमेंट, क्लाउड कंप्यूटिंग, साइबर सिक्योरिटी और मशीन लर्निंग जैसे विषय पढ़ाए जाते हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल कोडिंग सिखाना नहीं है, बल्कि उन्हें तकनीकी समस्या समाधान, तार्किक सोच, और नवाचार की दिशा में सक्षम बनाना है ताकि वे उद्योगों के डिजिटलीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत विद्यार्थी एआई एंड एमएल, डाटा साइंस, साइबर सिक्योरिटी, आईओटी जैसे विशेषीकृत क्षेत्रों में भी विशेषज्ञता हासिल कर सकते हैं।

**नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत विद्यार्थी एआई एंड एमएल, डाटा साइंस, साइबर सिक्योरिटी, आईओटी जैसे विशेषीकृत क्षेत्रों में भी विशेषज्ञता कर सकते हैं हासिल**

## उच्च शिक्षा और आगे के अवसर

**बी.टेक सीएसई के बाद विद्यार्थी अपनी पढ़ाई आगे बढ़ाकर विशेषज्ञता और करियर अवसर दोनों बढ़ा सकते हैं। प्रमुख उच्च शिक्षा विकल्प हैं।**

- मास्टर ऑफ टेक्नोलॉजी
- मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन
- पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन डेटा एनालिटिक्स, साइबर सिक्योरिटी, या क्लाउड कंप्यूटिंग
- अंतर्राष्ट्रीय सर्टिफिकेशन : अमेज़न वेब सर्विस, माइक्रोसॉफ्ट अजोर, गूगल क्लाउड, सिस्को सीसीएनऐ, और कॉम्प टीए सिक्योरिटी

**ये कोर्स विद्यार्थियों को उद्योग-उपयुक्त दक्षता, बेहतर वेतन और वैश्विक अवसर प्रदान करते हैं।**

## निजी क्षेत्र में करियर विकल्प

*डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन के इस युग में बी.टेक सीइसई स्नातकों की मांग देश-विदेश दोनों में लगातार बढ़ रही है। टेक कंपनियाँ, बैंकिंग सेक्टर, फिनटेक, ई-कॉमर्स, और क्लाउड-आधारित उद्योगों में इनकी विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है।*

**1. सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट और प्रोग्रामिंग**
**पदनाम:** सॉफ्टवेयर इंजीनियर, वेब डेवलपर, ऐप डेवलपर, सिस्टम एनालिस्ट, फुल स्टैक डेवलपर, ब्लॉकचैन डेवलपर, बैकेंड डेवलपर, फ्रॉंटेंड डेवलपर

**2. आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग**
**पदनाम:** डाटा साइंटिस्ट, मशीन लर्निंग इंजीनियर, ऐ आई रिसर्चर, डीप लर्निंग इंजीनियर, एनएलपि इंजीनियर, कंप्यूटर विज़न इंजीनियर, रोबोटिक्स इंजीनियर

**3. साइबर सिक्योरिटी**
**पदनाम:** साइबर सिक्योरिटी एनालिस्ट, एथिकल हैकर, नेटवर्क, सिक्योरिटी इंजीनियर, सिक्योरिटी कंसलटेंट, क्रिप्टोग्राफी एक्सपर्ट, क्लाउड सिक्योरिटी इंजीनियर

**4. क्लाउड कंप्यूटिंग**
**पदनाम:** क्लाउड इंजीनियर, क्लाउड आर्किटेक्ट, डेव ऑपरेशनल इंजीनियर, क्लाउड सिक्योरिटी स्पेशलिस्ट, क्लाउड डाटा साइंटिस्ट

**5. डेटाबेस मैनेजमेंट**
**पदनाम:** डाटा इंजीनियर, डेटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर, डाटा आर्किटेक्ट, डाटा मॉडलर

**6. सॉफ्टवेयर टेस्टिंग एवं क्वालिटी अशोरेन्स**
**पदनाम:** ऑटोमेशन टेस्टर, टेस्ट इंजीनियर, क्वालिटी इंजीनियर

**7. टेक्नोलॉजी कंसल्टेंसी और प्रोडक्ट मैनेजमेंट**
**पदनाम:** आई टी कंसलटेंट, बिज़नेस एनालिस्ट, प्रोडक्ट मैनेजर, सलूशन आर्किटेक्ट, टेक्निकल लीड, क्लाउड कंसलटेंट

### निजी क्षेत्र में प्रारंभिक वेतन

निजी क्षेत्र में प्रारंभिक वेतन 4 से 8 लाख वार्षिक के बीच होता है, जो अनुभव और विशेषज्ञता के साथ 15 से 25 लाख वार्षिक या उससे अधिक तक पहुँच सकता है। गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, अमेज़न, इनफ़ोसिस, टीसीएस, एक्सेंचर, और आईबीएम जैसी कंपनियां इन स्नातकों को उत्कृष्ट अवसर प्रदान करती हैं।

***निष्कर्ष :** बी.टेक (कंप्यूटर साइंस) केवल एक तकनीकी डिग्री नहीं, बल्कि डिजिटल भविष्य की कुंजी है। चाहे आप सॉफ्टवेयर डेवलपर बनें, डेटा साइंटिस्ट या साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट -यह क्षेत्र निरंतर विकसित होता रहेगा। सही मार्गदर्शन, नवीन तकनीकी कौशल और लगन के साथ विद्यार्थी देश-विदेश दोनों में सफल करियर बना सकते हैं।*

## प्रमुख विशेषज्ञताएं

कंप्यूटर साइंस के क्षेत्र में अनेक शाखाएं हैं, जिनके माध्यम से विद्यार्थी अपनी रुचि के अनुसार विशेषज्ञता प्राप्त कर सकते हैं।

- सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट
- आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग
- साइबर सिक्योरिटी
- क्लाउड कंप्यूटिंग
- डेटाबेस मैनेजमेंट
- नेटवर्क इंजीनियरिंग
- गेमिंग और वर्चुअल रियलिटी

## आवश्यक कौशल

*कंप्यूटर साइंस स्नातकों के लिए केवल तकनीकी ज्ञान पर्याप्त नहीं है। सफल करियर के लिए विद्यार्थियों में निम्नलिखित क्षमताओं का होना आवश्यक है।*

- तार्किक एवं विश्लेषणात्मक सोच प्रदान करना।
- समस्या समाधान और नवाचार की क्षमता
- प्रोग्रामिंग एवं कोडिंग दक्षता
- डेटा विश्लेषण एवं साइबर सुरक्षा समझ
- टीमवर्क, प्रोजेक्ट प्रबंधन और संवाद कौशल को विकसित करना।

*इन कौशलों से विद्यार्थी वैश्विक टेक्नोलॉजी कंपनियों में रोजगार पाने के साथ-साथ स्टार्टअप्स और अनुसंधान संस्थानों में भी अपनी पहचान बना सकते हैं।*

## सरकारी क्षेत्र में करियर विकल्प

*सरकारी संस्थानों और सार्वजनिक उपक्रमों में भी कंप्यूटर साइंस स्नातकों के लिए अनेक अवसर उपलब्ध हैं।*

विद्यार्थी तकनीकी सेवाओं, अनुसंधान, साइबर सुरक्षा और डेटा प्रबंधन से जुड़ी सरकारी नौकरियों में योगदान दे सकते हैं।

**मुख्य पदनाम:**

- आईटी अधिकारी राष्ट्रीयकृत बैंक
- सिस्टम एनालिस्ट सरकारी विभाग
- साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट रक्षा एवं गृहमंत्रालय
- वैज्ञानिक / तकनीकी सहायक एनआईसी, इसरो, डीआरडीओ
- डेटा एनालिस्ट- यूआईडीऐआई, एनआईसी, और अन्य ई-गवर्नेंस प्रोजेक्ट्स

**सरकारी क्षेत्र में प्रारंभिक वेतन** : 5 से 9 लाख वार्षिक होता है, जबकि अनुभव के साथ यह 15 लाख वार्षिक तक पहुँच सकता है। इसके साथ स्थायी नौकरी, पेंशन, और पदोन्नति के अवसर इसे अत्यंत आकर्षक बनाते हैं।

## सुझाव

करियर चयन से पहले अपने रुचि क्षेत्र की पहचान करें और किसी योग्य करियर सलाहकार से परामर्श लें। अधिक जानकारी के लिए आप **www.careerjaano.com** पर भी विजिट कर सकते हैं।

---

# कैरियर को पैशन बनाओ, उठते ही उत्साह की लहर दौड़े, काम को बेताब हो जाओ!



**मोटिवेशनल**

**डॉ. दिव्या तंवर**

छात्रों, सोचो – सुबह उठते ही उत्साह की लहर दौड़े, काम के लिए बेताब हो जाओ! ये कोई ख्वाब नहीं, बल्कि सच तब बनता है जब तुम अपना कैरियर उस क्षेत्र में बनाते हो जिसे तुम दिलो-जान से प्यार करते हो। पैशन ही तुम्हारा काम बनेगी, और काम तुम्हारी स्किल को हर दिन चमकाएगा!

ये लेख खास तुम्हारे लिए है जो अभी पढ़ाई कर रहे हो, सपने बुन रहे हो। चलो, मिलकर देखें कैसे जिंदगी को सुपरहिट बना सकते हो!

**वोफील्ड चुनो जो तुम्हें 'वाह!' कहने पर मजबूर कर दे**

पढ़ाई के दौरान सब कहते हैं – इंजीनियर बनो, डॉक्टर बनो, MBA करो। अरे भाई, रुक जरा! क्या ये तुम्हारा दिल कहता है? नहीं तो छोड़ दो!

## गेमिंग में खो जाते हो? गेम डेवलपर बनो।

- ड्रॉइंग में समय भूल जाते हो? ग्राफिकडिजाइनर या आर्टिस्ट।
- कोडिंग का कीड़ा है? सॉफ्टवेयरडेवलपर।
- लोगों से बात करना पसंद? कंटेंटक्रिएटर, यूट्यूबर या पॉडकास्टर।
- नेचर में घूमना अच्छा लगता है? वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर, एनवायरनमेंटलिस्ट या ट्रैवल ब्लॉगर।
- कहानियां गढ़ना मजेदार लगता है? स्क्रिप्टराइटर, नॉवेलिस्ट या कॉमिक बुक क्रिएटर।
- डांस में ताल मिलाते हो? कोरियोग्राफर, डांस इंस्ट्रक्टर या परफॉर्मिंगआर्टिस्ट।
- बिजनेसआइडिया दिमाग में घूमते हैं? स्टार्टअपफाउंडर, एंटरप्रेन्योर या ई-कॉमर्स ओनर।
- साइंसएक्सपेरिमेंट्स करते हो? डाटा साइंटिस्ट, रिसर्चर या बायोटेक इंजीनियर।
- खाना बनाना शौक है? शेफ, फूडब्लॉगर या फूडस्टार्टअपओनर।
- फिटनेस में मस्त रहते हो? जिमट्रेनर, योगाइंस्ट्रक्टर या स्पोर्ट्स कोच।
- किताबें पढ़ने का जुनून? एडिटर, लाइब्रेरियन या बुक रिव्यूअर।
- म्यूजिक में खो जाते हो? म्यूजिकप्रोड्यूसर, DJ या सिंगर।
- फैशन में रुचि? फैशनडिजाइनर, स्टाइलिस्ट या मेकअप आर्टिस्ट।
- सोशलवर्क पसंद? NGO फाउंडर, सोशलवर्कर या कम्युनिटीऑर्गनाइजर।
- रोबोटिक्स का शौक? रोबोटिक्स इंजीनियर या ऑटोमेशनस्पेशलिस्ट।
- वीडियोएडिटिंग मजेदार लगती है? वीडियोएडिटर, व्लॉगर या शॉर्ट फिल्म मेकर।
- स्पेस में दिलचस्पी? एस्ट्रोनॉमर, स्पेस इंजी. या NASA रिसर्चर।
- एनिमल्स से प्यार? वेटरनरी डॉक्टर, पेट ट्रेनर या जू कीपर।
- ट्रैवल करना पसंद? ट्रैवल एजेंट, टूर गाइड या एडवेंचरस्पोर्ट्सइंस्ट्रक्टर।
- पैशनवो है जो पैसे की फिक्र भुला दे। जब काम खेल जैसा लगे, तो सफलता खुद चली आएगी।
- एलनमस्कस्पेस में इसलिए सफल हैं क्योंकि रॉकेट्स उनकी पैशन हैं। तुम भी अपना 'रॉकेट' ढूंढो!

## आखिरी धमाका

### आज शुरू करो, कल किंग बनो!

छात्रों, कैरियर बोझ नहीं : तुम्हारी पैशन का खेल का मैदान है। उस फील्ड को चुनो जिसमें दिल धड़के, पैशन को काम बनाओ, स्किल पर रोज पसीना बहाओ। दुनिया बोलेगी, वाह, क्या जिंदगी जी रहा है!



**"ऑफ स्विच" बनाना सीखो**

काम के बाद फोन बंद!

शाम 7 बजे के बाद: लैपटॉप बंद, नोटिफिकेशन ऑफ।

**वीकेंडरूल:** शनिवार-रविवार को सिर्फ हॉबी या रेस्ट।

उदाहरण: कोडिंगपैशन है? हफ्ते में 5 दिन कोड करो, 2 दिन गिटार बजाओ या दोस्तों से मिलो।

**यूट्यूब बनाना पसंद?**



वीडियो शूटिंग के बाद एडिटिंग छोड़ो – अगले दिन फ्रेश दिमाग से करो।

**आज ही सोचो :** तुम्हें क्या पसंद है? वही करो! असफलता आएगी, लेकिन पैशन तुम्हें उठाएगी। तुम स्टूडेंट हो, भविष्य के सुपरस्टार हो – उठो, चुनो, चमको!

तुम कर सकते हो! जय हिंद!

## सामान्य ज्ञान

**1.** एक परमाणु में 9 इलेक्ट्रॉन तथा 10 न्यूट्रॉन है ,उसकी द्रव्यमान संख्या होगी
(ए) 9 (बी) 10
(सी) 18 (डी) 19

**2.** $_{88}Ra^{226}$ (रेडियम) के नाभिक में न्यूट्रॉन और प्रोटॉनों की संख्या क्रमशः है
(ए) 138 एवं 88
(बी) 88 एवं 138
(सी) 226 एवं 88
(डी) 88 एवं 226

**3.** जिस तत्व में के परमाणु में 2 प्रोटॉन , 2 न्यूट्रॉन तथा 2 इलेक्ट्रॉन हों , उस तत्व का द्रव्यमान संख्या कितनी होगी
(ए) 2 (बी) 4
(सी) 6 (डी) 8

**4.** $_{19}K^{4*}$ में इलेक्ट्रॉन की संख्या है -
(ए) 18 (बी) 19
(सी) 20 (डी) 10

**5.** यदि परमाणु की तीसरी कक्षा सबसे बहरी कक्षा हो ,तो इसमे इलेक्ट्रॉनों की अधिकतम संख्या हो सकती है
(ए) 8 (बी) 16
(सी) 18 (डी) 36

**6.** किसी परमाणु की परमाणु संख्या Z है तथा उसकी द्रव्यमान संख्या M है,तो इसके नाभिक में न्यूट्रॉन की संख्या कितनी होगी
(ए) M+Z (बी) M-Z
(सी) M x Z (डी) M/Z

**7.** परमाणु संख्या 17 तथा द्रव्यमान संख्या 35 के एक क्लोरिन परमाणु के नाभिक में होते है
(ए) 18 प्रोटॉन (बी) 18 न्यूट्रॉन
(सी) 35 प्रोटॉन डी) 35 न्यूट्रॉन

**8.** क्रमांक 20 वाले परमाणु का इलेक्ट्रॉनिक विन्यास है -
(ए) 2,8,10 (बी) 2,6,8,4
(सी) 2,8,8,2 (डी) 2,10,8

**9.** निम्न में कौन सी इलेक्ट्रॉनिक संरूपण धातु तत्व के लिए है ?
(ए) 2,8,1 (बी) 2,8
(सी) 2,8,8 (डी) 2,8,8,2

**उत्तर** 1.(डी) 2.(ए) 3.(बी) 4.(बी) 5.(सी) 6.(बी) 7.(बी) 8.(सी) 9.(डी)

## खबर संक्षेप

### कल्पना चावला विद्यापीठ में खेलकूद स्पर्धाएं हुई

**खरखौदा।** कल्पना चावला विद्यापीठ में बाल दिवस के अवसर पर आयोजित सभा में प्रबंधन समिति, प्राचार्या उषा वत्स, प्राथमिक प्रभारी रीतु, अध्यापकगण तथा विद्यार्थी शामिल रहे। मंच का संचालन अध्यापिका अनुषा ने किया। कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों का समूह नृत्य,नाटक, कक्षा चौथी के विद्यार्थियों की कव्वाली, कक्षा तीसरी के विद्यार्थियों का ड्रामा शामिल था।

### गांधी नगर में टूटे मैनहाल बने मुसीबत

**गन्नौर।** गांधी नगर स्थित खेड़ी मोड़ पर सड़क पर खुले मैनहाल राहगीरों और स्थानीय लोगों के लिए भारी परेशानी का कारण बन गए हैं। शुक्रवार की सुबह डायल 112 की गाड़ी खुले मैनहाल में फंस गई, जिसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से गाड़ी को बाहर निकाल दिया। इतना ही नहीं बाकी दिन भी कई गाडियां और बाइक भी मैनहाल में फंस रही हैं।

### नई शिक्षा नीति के विरोध पर हिरासत में लिया

**सोनीपत।** मुरथल स्थित दीनबंधु छोटूराम विश्वविद्यालय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में मुख्यमंत्री नायाब सैनी के कार्यक्रम से पहले पुलिस ने इनसो नेता शुभम नैन को साथियों के साथ हिरासत में ले लिया। इनसो नेता विवि में अव्यवस्थाओं और नई शिक्षा नीति में बदलाव हेतु मुख्यमंत्री से मिलने के लिये पहुंचें थे। सुबह ही उन्हें हिरासत में लेकर मुरथल थाने में बिठा दिया गया।

### कातिलों को फांसी देने की मांग उठाई

**खरखौदा।** थाना क्षेत्र के गांव पिपली में प्लॉट को लेकर चली रंजिश ने अब गंगवार का रूप लेती जा रही है। गत 10 नवंबर की रात 25 वर्षीय अजय की जिस बेरहमी से लाठी-डंडों से पीट-पीटकर हत्या की गई, उसने पूरे गांव में दहशत फैला गई है। प्राण त्यागने से पहले अजय ने पुलिस को बयान दिया था कि पूर्व सरपंच रामनिवास उर्फ निवासा के इशारे पर ललित, दीपक, कपिल और अजय ने हमला किया था।

### स्वदेशी अपनाना कारीगरों के परिश्रम का सम्मान

**गोहाना।** भारतीय संस्कृति, आत्मनिर्भरता और देशभक्ति की भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से शुक्रवार को भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट आफ हायर लर्निंग में प्राचार्य प्रो. सुषमा जोशी के नेतृत्व में छात्राओं ने 'स्वदेशी संकल्प' कार्यक्रम आयोजित किया। छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर एकता, समर्पण और देश प्रेम का संदेश दिया।

प्राचार्य ने कहा कि स्वदेशी संकल्प केवल शब्दों तक सीमित नहीं रहना चाहिए बल्कि इसे जीवन का मार्गदर्शन बनाकर स्वदेशी उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देना चाहिए।

### स्वामी दयानंद थे महिलाओं के सबसे बड़े वकील: शर्मा

सोनीपत। जिस समय भारत में नारी जाति को पैर की जूती समझकर उनका अपमान किया जाता था, उस समय आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानन्द सरस्वती ने महिलाओं के अधिकारों की लड़ाई लड़ी और कहा कि नारी पूजनीय है। ये विचार वैदिक प्रवक्ता आचार्य राजकुमार शर्मा ने प्रकट किए। वे शुक्रवार को शहर की काठ मंडी स्थित आर्य समाज द्वारा संचालित आर्य वमावि में चल रहे पांच कुंडीय अथर्ववेद पारायण महायज्ञ के चौथे दिन उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे।

### बाल दिवस पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित

गोहाना। महम मार्ग स्थित जेकेआर स्कूल में बाल दिवस पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। नर्सरी से लेकर कक्षा 5वीं तक के विद्यार्थियों के लिए 100 मीटर दौड़, 200 मीटर बैक दौड़, 200 मीटर स्किपिंग दौड़, 200 मीटर सूईं धागा दौड़ प्रतियोगिताएं और कक्षा 9वीं से कक्षा 12वीं तक सदन अनुसार अलग-अलग प्रतियोगिताएं करवाई गई।

### नपा ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया

गन्नौर। नपा ने शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। शहर के रेलवे रोड, नपा रोड पर दुकानदारों द्वारा अवैध रूप से दुकान से बाहर रखे सामान और सड़क पर खड़ी रेहड़ी को जब्त कर लिया।

## विभिन्न स्कूल-कॉलेजों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन, बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

# जिलेभर में धूमधाम से मनाया बाल दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा वैदिक स्कूल बाल दिवस के कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डॉ. नीलम सांगवान ने किया। बच्चों के साथ मिलकर प्राचार्या ने पंडित नेहरू के जन्मदिन पर केक काटा व सब बच्चों को खिलाया। बच्चों ने चाचा नेहरू से संबंधित कविता, भाषण, गीत, आदि प्रस्तुत किए। इस शुभ अवसर पर बच्चों ने विद्यालय के पार्क में जामुन का फलदार पौधा भी लगाया। इस अवसर पर सोनिया, गीतांजली, सुदेश, अवि, रेहान आदि मौजूद रहे।



हरियाणा वैदिक स्कूल में कार्यक्रम के दौरान पौधारोपण करती प्राचार्या साथ में बच्चे।



श्रीराम सेवा आश्रम में बच्चों के साथ संस्थापक नवरत्न चोपड़ा एवं अन्य।

### श्री राम सेवा आश्रम कार्यक्रम

आश्रम में चल रहे स्कूल के बच्चों ने बाल दिवस मनाया। स्कूल के संस्थापक नवरत्न चोपड़ा ने बच्चों को इस दिन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह दिन हमारे देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू द्वारा बच्चों के प्रति प्यार का प्रतीक है। स्कूल के बच्चों ने फैंसी ड्रेस, खेलकूद, राष्ट्रीय गीत गाकर सभी को आनंदित किया। इस अवसर पर कमला अरोड़ा, सुधा मदान, सावित्री गर्ग, कालरा, कृष्ण लूथरा, रमेश कपूर, बाला छिक्कारा, सतीजा आदि मौजूद रहे।

### प्रेरणादायी कार्यक्रम हुआ

बाल दिवस कार्यक्रम के साथ वंदे मातरम् @ 150 के उपलक्ष्य में एक भव्य और प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की प्रेरणादायी अगुवाई कॉलेज प्राचार्या डॉ. विपाशा अग्रवाल, उप प्राचार्या डॉ. अनीता गोयल, एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर नीलम देशवाल, एसोसिएट एनसीसी अधिकारी कैप्टन नीतू नसीयर दूहन, तथा संगीत विभागाध्यक्ष मंजू गोएंदी ने की।



हिंदू गर्ल्स कॉलेज में कार्यक्रम के दौरान मंच पर प्राचार्या एवं अन्य स्टाफ।



### पंडित जवाहरलाल नेहरू बच्चों से प्यार करते थे

कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रदेश सचिव डॉ. सत्यवीर निर्माण ने शम्भु दयाल मॉर्डन स्कूल के बच्चों के साथ बाल दिवस के रूप में मनाया। डॉ. निर्माण ने बताया कि देश स्वतंत्रता सेनानी प्रथम प्रधानमंत्री स्वर्गीय पंडित जवाहरलाल नेहरू बच्चों से बहुत प्यार करते थे। बच्चों के प्रति उनके इस प्रेम के कारण ही उन्हें प्यार से 'चाचा नेहरू' कहा जाता था।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूलः ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) में देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिवस के अवसर पर बाल दिवस समारोह का आयोजन किया गया। स्कूल में इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का विशेष आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। प्राचार्या गीता चोपड़ा व उप प्राचार्या रूना दास ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। समारोह में कोऑर्डिनेटर नीरजा, महक व गीता राणा, श्वेता, नमिता, मधु, मीनाक्षी, बीना, कुसुम, ज्योति, सोनिया मदान, निशा, सीमा रानी, पारुल, कावेरी आदि स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।



**सोनीपत।** ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल में आयोजित बाल दिवस समारोह में प्राचार्या गीता चोपड़ा अध्यापिकाओं के संग गीत गाकर बच्चों का मनोबल बढ़ाती हुई।

### बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी

ऋषिकुल वर्ल्ड एकेडमीः बाल दिवस के उपलक्ष्य में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि नीरज शर्मा तथा रीमा शर्मा ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। विद्यालय प्रधानाचार्य चंचल शर्मा, मीनू शर्मा भी मौजूद रही। दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया जिसके अंतर्गत बच्चों ने भाषण, गायन, नृत्य तथा नाटक के माध्यम से मनमोहक प्रस्तुतियाँ देकर सभी का मन जीत लिया। बाल दिवस के विशेष कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत नाटक ने भी विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण संदेश दिया, जिसकी सभी ने सराहना की। अंत में प्रधानाचार्या महोदया ने सभी अतिथियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों बाल दिवस की शुभकामनाएं दीं।



ऋषिकुल वर्ल्ड एकेडमी में कार्यक्रम के दौरान विजेता बच्चों के साथ स्कूल स्टाफ।

### बाल दिवस के उपलक्ष्य में वंदे मातरम का गायन करवाया



टीकाराम कन्या कालेज एनएसएस यूनिट 1 व 2 द्वारा 150वीं वंदे मातरम् की वर्षगांठ एवं बाल दिवस के उपलक्ष्य में वंदे मातरम् का गायन करवाया गया। महाविद्यालय की कार्यकारी प्राचार्या सुजाता द्वारा छात्राओं को वंदे मातरम् का महत्व बताते हुए देश प्रेम का भाव जागृत किया। इस कार्यक्रम की संयोजिका एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर दीपशिखा व डा. आशा रानी रहीं। इसमें 57 छात्राओं की भागीदारी रही।



साउथ पॉइंट स्कूल में बाल दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में एग्जीक्यूटिव चेयरमैन रोहित खत्री व वाइस चेयरपर्सन वर्तिका खत्री के साथ मौजूद बच्चे।

### आकर्षक प्रस्तुति से मोहा मन

**साउथ पॉइंट स्कूलः** बाल दिवस हर्षोल्लास और बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। सुंदर परिधानों में सजे नन्हे-मुन्नों ने आकर्षक प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। कई बच्चों ने चाचा नेहरू की वेशभूषा में मंच पर आकर उनके जीवन चरित्र का प्रभावी मंचन किया। स्कूल में बच्चों के लिए विभिन्न खेल गतिविधियां आयोजित की गई, जिनमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा दिखाई। साउथ पॉइंट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने विद्यार्थियों को बाल दिवस का महत्व समझाया। एग्जीक्यूटिव चेयरमैन रोहित खत्री ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना की। वाइस चेयरपर्सन वर्तिका खत्री, सीईओ भावना कालरा, कार्यकारी निदेशक डॉ. ममता सचदेवा ने बच्चों के आत्मविश्वास की सराहना की।




गेटवे इंटरनेशनल स्कूल में कार्यक्रम के दौरान बच्चों के साथ स्कूल स्टाफ।

### बच्चे ही देश का भविष्यः प्रधानाचार्य

गेटवे इंटरनेशनल स्कूलःबाल दिवस कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के मुख्य द्वार पर छात्रों के गर्मजोशी भरे स्वागत के साथ हुई। पूरे विद्यालय परिसर को सजावट से सजाया गया, जिससे बच्चों में उत्साह और ऊर्जा का संचार हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रेम कुमार ओझा ने अपने संदेश में कहा कि बच्चे ही देश का भविष्य हैं। उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए हम सभी का कर्तव्य है कि उन्हें श्रेष्ठ शिक्षा, सुरक्षित वातावरण और सकारात्मक अवसर प्रदान करें। इसके बाद कक्षा अध्यापकों ने अपनी-अपनी कक्षाओं में क्लास पार्टी, गायन, खेल, तथा अन्य मनोरंजक गतिविधियां आयोजित कीं। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य प्रेम कुमार ओझा और उप प्रधानाचार्य रिम्पी वर्मा ने सभी छात्रों को आशीर्वाद दिया।

### नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन

ब्राइट स्कॉलर स्कूलः बाल दिवस के अवसर पर पूरे विद्यालय में अनेक गतिविधियां करवाई गई। कक्षा छठी से आठवीं के छात्रों के लिए हरियाणवी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्री प्राइमरी कक्षाओं के लिए अलग से कार्यक्रम हुआ। जहां बच्चों ने छोटी रेल में सफर किया और झूलों पर झूले व नाच किया। ग्यारहवीं व बारहवीं के विद्यार्थियों ने टग ऑफ वॉर में हिस्सा लिया। सभी विद्यार्थियों के लिए मैजिक शो का आयोजन किया गया।

### पंडित नेहरू को किया नमन

पूर्ण मूर्ति ग्लोबल स्कूलः स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रमों व खेलकूद गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। पूर्ण मूर्ति कैंपस के चेयरमैन डा.विजयपाल नैन, सचिव गौतम नैन, स्कूल की प्रधानाचार्या हिमानी दहिया व उप प्रधानाचार्य वरुण ने पंडित नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। डा.विजयपाल नैन ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू आधुनिक भारत के निर्माता थे।



प्रतियोगिता के विजेता छात्र प्रबंधक आदित्य व प्राचार्य राजेश कुमार गुप्ता के साथ।

### ओम शांति स्कूल में प्रतियोगिता हुई

**राई।** ओम शांति स्कूल नाथुपुर में भारत को जानो व भारतीय संविधान विषय पर आधारित ज्ञान-वर्धक प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्ण भागीदारी लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों में याशिका, अमन, सक्षम, क्रिश, आदर्श, ध्रुव, सिद्धि, अंकित, वैभव, चंचल, सिद्धार्थ, देव, अदिति और आर्यन ने बेहतर प्रदर्शन किया। विद्यालय प्रबंधक आदित्य भारद्वाज व प्राचार्य राजेश कुमार गुप्ता ने विद्यार्थियों को उनकी सफलता के लिए बधाई दी।




### जमकर झूमे विद्यार्थी

**गन्नौर।** बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल ने बाल दिवस के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों ने सामूहिक गीत-नृत्य प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कक्षा 1 से 5 तक के छात्रों के लिए विशेष डांस पार्टी का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चे लोकप्रिय धुनों पर जमकर झूमे। विद्यालय प्राचार्य जय भारत गुप्ता ने कार्यक्रम में सहयोग देने वाले सभी शिक्षक-गण और कर्मचारियों का आभार जताया।

### बच्चे हमारे भविष्य की मजबूत नींव : दहिया

**खरखौदा।** द स्टैनफोर्ड स्कूल, थाना खुर्द में बाल दिवस अत्यंत उल्लास, ऊर्जा और खुशी के साथ मनाया। विद्यालय परिसर में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएँ, रेस और मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिनका उद्देश्य बच्चों को एक यादगार व आनंद भरा दिन प्रदान करना था। विभिन्न वर्गों में हुई स्पर्धाओं में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उपलब्धि के साथ अरावली हाउस ने शानदार प्रदर्शन कर सबका ध्यान आकर्षित किया। कक्षा 9 से 12 वॉलीबॉल में शिवालिक हाउस ने बाजी मारी। वहीं कक्षा 6 से 8 बालिका वर्ग रस्साकस्सी में जयंतिया हाउस प्रथम स्थान पर रहा। कक्षा 9 से 12 बालिका वर्ग के व्यक्तिगत विजेताओं में दिव्या (9), भाविका (9), सान्या (11), प्राची (11), कर्णक (9), भावना (11), मेहक (11)व प्रतिभा (11) के नाम शामिल हैं।




विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते कुलपति प्रो. सुदेश। फोटो : हरिभूमि

### सफलता के लिए परिश्रम के साथ दृढ़ इच्छा शक्ति जरूरी : प्रो. सुदेश

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विवि, खानपुर कलां स्थित कैंपस स्कूल में बाल दिवस पर वार्षिक एथलेटिक मीट का आयोजन किया गया। स्कूल की प्राचार्य डॉ. सरोज सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस एथलेटिक मीट में बतौर मुख्य अतिथि महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। कुलपति ने कहा कि आज का दिन केवल खेल प्रतियोगिताओं का नहीं, बल्कि ऊर्जा, उत्साह, अनुशासन और उत्कृष्टता का उत्सव है। यह आयोजन हमें याद दिलाता है कि जीवन में सफलता केवल बुद्धि और परिश्रम से ही नहीं, बल्कि दृढ़ इच्छा-शक्ति, टीम-स्पिरिट और आत्मविश्वास से भी प्राप्त होती है। प्रो. सुदेश ने कहा कि खेल हमारे व्यक्तित्व को निखारते हैं, जीत का गर्व, और उससे भी अधिक हार से सीखने का साहस सिखाते हैं। खेल हमारे अंदर अनुशासन, समय-प्रबंधन, तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करते हैं। समारोह में स्कूल द्वारा अपनी दो पूर्व छात्राओं डॉ. पूजा व अंजलि को भी सम्मानित किया गया।

### बाल दिवस उत्साहपूर्वक मनाया

अंतर-सदनीय रेडियो जोकी शो में हिस्सा लेते बीआर ग्लोबल स्कूल के छात्र। गन्नौर। खेड़ी रोड स्थित बीआर ग्लोबल विद्यालय में बाल दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों के लिए अलग-अलग गतिविधियों का संचालन हुआ। कक्षा पहली व दूसरी तक विद्यार्थियों के लिए विभिन्न रेसों का आयोजन किया गया। वहीं कक्षा 3 से 5 तक टैलेंट हंट और सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। कक्षा 6 से 9 तक के विद्यार्थियों के लिए अंतर-सदनीय रेडियो जोकी शो प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें अमेजन सदन ने प्रथम, नालंदा सदन ने द्वितीय और नील सदन ने तृतीय स्थान हासिल किया। विद्यालय चेयरमैन राकेश यादव, शैक्षणिक निदेशिका पूजा पहल और उप-प्रधानाचार्या मंजू सहरावत ने बच्चों को बाल दिवस की बधाई दी।



**गन्नौर।** बीआर ग्लोबल विद्यालय ने मनाया बाल दिवस।

### रेणु विद्या मंदिर में सांस्कृतिक कार्यक्रम

**राई।** बाल दिवस पर रेणु विद्या मंदिर के सभी छात्रों ने स्वतंत्रता सेनानी पार्क, सोनीपत का शैक्षिक व सांस्कृतिक दौरा किया। बच्चों ने चित्रकला, समूह खेल, देशभक्ति गीत, स्वच्छता अभियान और ज्ञानवर्धक क्विज विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय की प्रेरणा रेणु गुप्ता ने एक सुंदर व प्रेरणादायक कविता के माध्यम से नेहरू जी की जीवनी और उनके आदर्शों को सरलता से बच्चों तक पहुँचाया, जिसे सभी छात्रों ने बड़े ध्यान से सुना और सराहा। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रमोद कुमार कुल्हाड़े ने कहा कि बच्चों ने वीरता, देशभक्ति और त्याग के महत्व के बारे में प्रेरणादायक अनुभव प्राप्त किया। इसके बाद स्कूल के छात्र मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दादा कुशाल सिंह दहिया के अमर बलिदान और वीरता को स्मरण करते युवाओं को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया।



राई। स्वतंत्रता सेनानी पार्क के शैक्षिक भ्रमण के दौरान स्कूल के छात्र ।

## जय भारत स्कूल में विधायक ने बच्चों को किया सम्मानित

# खेलों से बच्चों का सर्वांगीण विकासः कादियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

खेड़ी गुर्जर रोड स्थित जय भारत सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शुक्रवार को बाल दिवस के उपलक्ष्य में वार्षिक खेलोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक देवेंद्र कादियान मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। स्कूल प्रेजिडेंट रमेश खत्री व प्रिंसिपल देवेंद्र पहल ने बुके देकर उनका स्वागत किया तथा समापन पर स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। समारोह की शुरुआत रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ हुई, जिसमें बच्चों ने सांस्कृतिक नृत्य, योग-



अभिनय और खेल आधारित कोरियोग्राफी के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इसके बाद विभिन्न एथलेटिक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। ट्रैक रेस, लॉन्ग जंप, थ्रो इवेंट्स और टीम गेम्स में छात्रों ने जोरदार प्रतिस्पर्धा दिखाते हुए दर्शकों की तालियां बटोरीं। विधायक कादियान ने विजेता छात्र-छात्राओं को पदक और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

### ये रहे मौजूद

अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास का अहम माध्यम है। ऐसे आयोजनों से न सिर्फ प्रतिभा निखरती है, बल्कि अनुशासन, टीमवर्क और आत्मविश्वास भी मजबूत होता है। उन्होंने बाल दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 14 नवंबर भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की बच्चों के प्रति प्रेम और दृष्टि को याद करने का दिन है। आज के बच्चे ही कल का भारत हैं। उनके मजबूत और संस्कारित होने से ही देश प्रगति कर सकता है। इस मौके पर बीईओ कार्यालय से संदीप कुमार, कप्तान सिंह आदि मौजूद रहे।


## हरिभूमि बम्पर इनामी योजना-2025 के विजेताओं के नाम

### ग्यारहवां पुरस्कार (इलैक्ट्रिक कैटल-100 नग)

❖ रणधीर सिंह सुपुत्र श्री सूरत सिंह, गांव लहराड़ा, सोनीपत ❖ यशपाल शर्मा पुत्र श्री बारू राम, 317/3, धर्मबीर कॉलोनी, घरौंडा, करनाल ❖ सरिता धर्मपत्नी श्री विनोद कुमार, प्रगति नगर, गली नं.-2, सोनीपत ❖ श्री जगदीश सुपुत्र रामभजन प्रजापति, वार्ड नं. 10, महम, रोहतक ❖ श्री पवन कुमार सुपुत्र श्री सूरज भान वर्मा, गोपाल कॉलोनी, नीयर पुराना सदर थाना, रोहतक ❖ राम सिमरो धर्मपत्नी श्री जुगल किशोर, मं नं. 2700/15, पंचकूला ❖ दक्ष सुपुत्र श्री खुशी राम गांव व डा. कुराड़, सोनीपत ❖ क्रिश सुपुत्र श्री राजकुमार 46 अनिल नगर, सोनीपत ❖ बिरेन्द्र सिंह यादव सुपुत्र श्री जगराम यादव, गांव पुन्सिका, मनेठी, रेवाड़ी ❖ नरेश कुमार सुपुत्र श्री ताराचंद पाली रेवाड़ी मनेठी ❖ गुलशन कौर धर्मपत्नी श्री बृजपाल सिंह, सरदार आटा चक्की, पुल बाजार, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ शैकिन दत्त सुपुत्र श्री राम निवास, विशाल नगर, गली नं. 2, सोनीपत ❖ नीरू सचदेवा पत्नी श्री पंकज सचदेवा, गांव बरसत, घरौंडा, करनाल ❖ पार्थ सुपुत्र श्रीमान प्रमोद ❖ रजनी सुपुत्री श्री रणबीर सिंह, ककरोई, सोनीपत ❖ गर्वित पाराशर सुपुत्र श्री विरेन्द्र पाराशर, गांव खाण्डा, खरखौदा, सोनीपत ❖ नरेन्द्र पुत्र श्री भीम सिंह मैन बाजार नजदीक पुराना थाना, जुलाना, जीन्द ❖ चान्दराम सुपुत्र श्री देई चन्द, वार्ड नं. 9 जुलाना मण्डी, जीन्द ❖ रीना धर्मपत्नी सुखपाल सिंह चौहान, सिद्धार्थ कॉलोनी, बहालगढ़ रोड़, सोनीपत ❖ हीना सहरावत धर्मपत्नी श्री अंकित सहरावत ❖ शनशेर पुत्र श्री फूल सिंह, जै जैवन्ती, जुलाना, जीन्द ❖ प्रियंका धर्मपत्नी श्री राजकुमार, 46 नजदीक रामा मेडिकल स्टोर, अनिल नगर, सोनीपत ❖ श्री भगवान भटनागर सुपुत्र श्री लाल चन्द भटनागर, प्रगति नगर, गली नं. 2, सरोहा हाउस के सामने छोटू राम चौक, सोनीपत ❖ हिमाशुं सुपुत्र श्री लोकेश, वस्त्रम नगर, गली नं. 10, सोनीपत ❖ प्रीति मिश्रा धर्मपत्नी परतव उपाध्याय, गली नं. 7, रिषी कॉलोनी, सोनीपत ❖ श्री पंकज सुपुत्र श्री अशोक कुमार, पटेल नगर, रेलवे रोड, जींद ❖ विकास सुपुत्र श्री गुरदास गांव जुलाना वार्ड नं. 6 जीन्द ❖ झलक सुपुत्री श्री राजकुमार, म. नं. 46, कुम्हार गेट, अनिल नगर, सोनीपत ❖ अंजु धर्मपत्नी दीपक रावत, 19/9, न्यू सब्जी मण्डी, सोनीपत ❖ सोनिया धर्मपत्नी श्री मनोज कुमार 27/10, चावला कॉलोनी, सोनीपत ❖ सचिन बधवा, मं नं. ई 205, राम गली, करनाल ❖ अनिता चुरानी, 2700 FF सेक्टर -15, पंचकूला ❖ गुजरी देवी, धर्मपत्नी रोहतास मलिक, फैमिना टेलर, रेलवे रोड, सफीदों, जीन्द ❖ गुलाब सिंह धर्मपत्नी श्री टेक राम, बुढ़ा खेड़ा, लाठर, जुलाना, जीन्द ❖ जगबीर सुपुत्र श्री बनवारी लाल, अकालगढ़, जुलाना, जीन्द ❖ सुखबीर सिंह सुपुत्र श्री रंगराव, गांव पलड़ा, बेरी, झज्जर ❖ जय किशन सुपुत्र श्री डालचन्द, हमायुंपुर, मातनहेल, झज्जर ❖ कविता धर्मपत्नी श्री अशोक हथवाला, जुलाना, जीन्द ❖ श्री पवन कुमार वधवा, फैंसी मेन बाजार, कलधा हाउस, कलानौर, रोहतक ❖ श्री सचिन सुपुत्र कृष्ण, गांव व डा. खरावड़, तह. सांपला, रोहतक ❖ श्री जगवंती गांव व डा. बोहर, रोहतक ❖ लक्ष्मी नारायण सुपुत्र श्री जय नारायण, म. नं. 2620 अर्बन स्टेट, सैक्टर 10, जीन्द ❖ वेदपाल सुपुत्र श्री धर्मबीर, गांव सुबाना, झज्जर ❖ राजेश हेयर ड्रेसर सुपुत्र जय सिंह, भानू भाई फैक्ट्री, झज्जर ❖ सुनिधी पुत्री श्री सतपाल, गांव अमादलपुर, माछरौली, झज्जर ❖ हीरालाल रोहिला सुपुत्र श्री रामपाल, गांव रैईया, बख्तावरपुर, झज्जर ❖ सतबीर सिंह पुत्र श्री उदयराम, मॉडल टाउन, झज्जर ❖ धरेश कुमार सुपुत्र श्री प्रताप चन्द म. नं.31/11, मौहल्ला लाल कहानिया, झज्जर ❖ रामरत्तन एक्स सर्विसमैन पुत्र श्री मथुरा दास, गांव बेरी वार्ड नं. 1, झज्जर ❖ मनमोहन सिंह सुपुत्र श्री ओमप्रकाश, प्राणपुरा, वार्ड नं. 5, नारनौल, महेन्द्रगढ़

क्रमशः

शेष विजेताओं की सूची अगले अंक में देखें

**आवश्यक सूचना :**

1. सभी पुरस्कारों का वितरण 1 दिसम्बर 2025 से किया जाएगा।
2. पुरस्कार संख्या 1 से 3 तक के विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, रोहतक से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
3. पुरस्कार संख्या 4 से 13 उपहार के विजेताओं को संबंधित हरिभूमि कार्यालय अभिकर्ता से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
4. यदि किसी भी पुरस्कार पर सरकार के नियमानुसार टी.डी.एस. लागू होगा तो विजेता को लागू टी.डी.एस. की राशि हरिभूमि कार्यालय में एडवांस में जमा करनी होगी।
5. पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आपको अपने साथ पुरस्कार विजेता की फोटो आईडी की फोटो प्रति जमा करनी होगी। मूल प्रति को मिलान हेतू साथ में लाना अनिवार्य है।
6. अधिक जानकारी के लिए आप निम्न नम्बरों पर हरिभूमि प्रसार विभाग में प्रातः 11.00 से सायं 4.00 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं :- फोन : 9253681019-20

**- कार्यालय पता -**

हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

## खबर संक्षेप



### बिहार चुनाव जीत पर कैबिनेट मंत्री कार्यालय पर बांटे लड्डू

**गोहाना।** सहकारिता, कारागार, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा के सोनीपत रोड स्थित कार्यालय पर शुक्रवार को बिहार चुनाव में एनडीए गठबंधन की रिकार्डतोड़ जीत पर जश्न मनाया गया। भाजपा कार्यकर्ता ढोल की थाप पर थिरके और लड्डू बांटकर एक दूसरे का मुंह मीठा करवाया। शुक्रवार दोपहर तक बिहार चुनाव के परिणामों में भाजपा व सहयोगी दलों द्वारा प्रचंड जीत की खुशी में भाजपा कार्यकर्ता कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा के सोनीपत रोड स्तिथ कार्यालय पर एकत्रित हुए। उन्होंने ढोल पर थिरकते हुए भाजपा के झंडे लहराए और नाच कर खुशी मनाई। इसके बाद सभी ने एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर अपनी प्रसन्नता का इजहार किया।

### वरिष्ठ वर्ग में विवेकानंद सदन रहा अव्वल

**गोहाना।** शहर में गुढ़ा रोड स्थित गीता विद्या मंदिर गोहाना में चल रहे श्रीमद्भागवत गीता आधारित महोत्सव के अंतर्गत शुक्रवार को संस्कृत श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता करवाई गई। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में गीता के नैतिक मूल्यों, आध्यात्मिक ज्ञान तथा संस्कारों के प्रति रुचि जागृत करना था। अध्यक्षता प्राचार्य अश्विनी कुमार ने की। प्रतियोगिता के वरिष्ठ वर्ग में विवेकानंद सदन ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति से प्रथम स्थान हासिल किया।

### जेएलएन के विद्यार्थियों ने दिया देशभक्ति का संदेश

**गोहाना।** जेएलएन स्कूल गोहाना में शुक्रवार को बाल दिवस के उपलक्ष्य में देशभक्ति पर आधारित एक रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियों से देशभक्ति का पाठ पढ़ाया। की अध्यक्षता एमडी सुनील शर्मा और प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने की। संचालन उप प्राचार्य सूरत शर्मा ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राइमरी एवं प्री-प्राइमरी वर्ग के बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों से हुई। बच्चों ने अपने पसंदीदा क्रांतिकारियों भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव, रानी लक्ष्मीबाई, तात्या टोपे और मंगल पांडे का किरदार निभाते हुए देशभक्ति का संदेश दिया।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने कार्यकर्ताओं के साथ देखा बिहार का चुनाव परिणाम, जीत की दी बधाई

# बिहार की जनता ने जंगलराज को नकारा और विकास को प्राथमिकता दी: मोहन लाल बड़ौली

*बड़ौली बोले, चुनाव के दौरान विपक्ष की पार्टियों और खासकर राहुल गांधी ने जनता को भ्रमित और गुमराह करने का पूरा प्रयास किया था। बिहार की जनता ने प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर भरोसा जताया है। जंगलराज को नकारा है और विकास को प्राथमिकता दी है।*

### लीड बिहार में एनडीए की जीत पर जश्न, गलत नीतियों के कारण जनाधार खो चुकी कांग्रेस : बड़ौली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की बंपर जीत पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली के कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ जश्न मनाया। इससे पूर्व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर परिणामों को लाइव देखा और जीत की बधाई देते हुए एक दूसरे मिठाईयां खिलाई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने बिहार के परिवारजनों को भी जीत की बधाई दी।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा बिहार में एनडीए की प्रचंड जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व और जनता के भरोसे की जीत है। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता ने प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर भरोसा जताया है। जंगलराज को नकारा है और विकास को प्राथमिकता दी है। बड़ौली ने कहा कि बिहार की जीत वाकई में ऐतिहासिक जीत है।

बड़ौली ने कहा कि चुनाव के दौरान विपक्ष की पार्टियों और खासकर राहुल गांधी ने जनता को भ्रमित और गुमराह करने का पूरा प्रयास किया था, लेकिन बिहार की जनता ने गुमराह करने वालो को सबक सिखाया और पीएम मोदी तथा सीएम नीतिश कुमार पर भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि एनडीए को बिहार में जो ऐतिहासिक जनादेश मिला है इससे स्पष्ट होता है कि बिहार के लोग जंगलराज को दोबारा देखना नहीं चाहते थे।

मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि बिहार विकास का पक्षधर है। एनडीए की सरकार ने बिहार को विकास के पथ पर आगे बढ़ाया है। पीएम मोदी के मार्गदर्शन और सीएम नीतिश कुमार के नेतृत्व में बिहार में सुशासन स्थापित हुआ है। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता ने इस बार प्रचंड बहुमत देकर यह संदेश दिया है कि बिहार तरक्की पसंद राज्य है, इसलिए उन्होंने विकास करने वाली सरकार को चुना है।



**सोनीपत।** कार्यकर्ताओं के साथ बिहार में चुनावों का परिणाम देखते हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष।

### कांग्रेस दो अंकों तक नहीं पहुंची, राहुल गांधी कहां मुंह दिखाएंगे: जैन



**सोनीपत।** विधानसभा चुनाव में बिहार में एनडीए की बंपर जीत से भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है और कार्यकर्ताओं ने ढोल बजाये और लड्डू वितरित कर एक दूसरे का मुंह मीठा करवाया। पुरखास अड्डा स्थित राजीव जैन के कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने एकत्रित होकर एक दूसरे को बधाई दी और ढोल की थाप पर जमकर डांस किया। राजीव जैन ने कहा कि बिहार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सुशासन एवं विकास पर जनता ने मोहर लगाने का काम किया है। पूर्व मंत्री कविता जैन ने कांग्रेस में वोट चोरी के होने के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि कांग्रेस का खाता दो अंको तक भी न पहुंचने से राहुल गांधी कहां मुंह दिखाएंगे। उन्होंने बिहार में हरियाणा के कार्यकर्ताओं द्वारा की गई जबरदस्त मेहनत के लिए भी बधाई दी है। कार्यकर्ता में पार्षद हरि सैनी, सुरेंद्र मदान, लाला मुनीराम ठोलेदार, अतुल जैन, पूर्व महिला अध्यक्ष सोनिया मोर, मंडल अध्यक्ष आरती शर्मा, नीरज सोनी, राजकुमार शर्मा, विकास शर्मा जिला सचिव किशोर वशिष्ठ, भारत भूषण प्रधान, संजय मिश्रा, नक्रीन मेहरा आदि मौजूद रहे।

### बिहार में एनडीए की सरकार आने पर मार्केट कमेटी वाइस चेयरमैन ने लड्डू बाटे

**गन्नौर।** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की प्रचंड जीत पर गन्नौर के सभी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों ने मार्किट कमेटी के वाईस चेयरमैन एवं भाजपा युवा नेता योगेश कौशिक के नेतृत्व में लड्डू बाटकर खुशी मनाई। भाजपा युवा नेता योगेश कौशिक ने संबोधित करते हुए कहा कि यह जीत पार्टी की नीतियों, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत का परिणाम है। बिहार की जनता ने झूठे वादों पर विश्वास नहीं किया और सभी पार्टीयों को पूरी तरह नकार दिया है। यह जीत जनता का एनडीए पर अटूट विश्वास और प्रधानमंत्री मोदी की विकासवादी नीतियों की जीत है। बिहार के लोगों ने भ्रष्टाचार, अव्यवस्था और झूठी राजनीति को अस्वीकार कर विकास के पक्ष में वोट दिया है। कौशिक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा से सबका साथ, सबका विकास की नीति पर कार्य करती रही है। इस मौके पर नरेश कौशिक, राहुल कौशिक, अभिनीत, हिमांशु सहित गणमान्य लोग मौजूद थे।

### भाजपा की जीत पर सुभाष चौक में लड्डू बांटकर खुशी का इजहार



**सोनीपत।** बिहार में भाजपा की प्रचंड जीत की खुशी सोनीपत के सुभाष चौक पर भी देखने को मिली। जीत की घोषणा होते ही क्षेत्र में कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने लड्डू बांटकर जश्न मनाया। कार्यक्रम में पूर्व चेयरमैन डॉ राम किशन सरोहा, हरियाणा सरकार के वाइस चेयरमैन रविन्द्र दिलावर, वरिष्ठ नेता आजाद नेहरा, सुभाष चौक मार्केट प्रधान विनोद गुप्ता और राजीव गुप्ता मौजूद रहे। इन सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत पर अपनी खुशी जाहिर की।

### बिहार में एनडीए की सरकार बनने पर मजदूरों के साथ खुशी मनाई

**गन्नौर।** बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में बिहार में एनडीए की सरकार बनने पर एडवोकेट हरीश कौशिक, सुबेदार सुरेन्द्र कौशिक, दर्शन ठाकुर, डा. भूपेन्द्र कुकरेजा, कर्मबीर पांघाल आदि ने बिहार के प्रवासी मजदूर रमन यादव, विद्यानदं यादव, बद्री प्रसाद, दिनेश ठाकुर, खुशबू आदि के साथ मिठाई बाटकर खुशी मनाई। उद्योगपति एवं एडवोकेट हरीश कौशिक ने कहा कि बिहार में एनडीए की जीत ने साबित कर दिया है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों ने देश के हर वर्ग को नई दिशा दी है। गरीब, किसान, मजदूर वर्ग को दी जा रही सरकार की योजनाओं व सुविधाओं का लाभ बिहार के लोगों को भी मिल रहा है। बाद में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व भाजपा जिंदाबाद के नारे लगाए।



**गन्नौर।** बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में एनडीए की सरकार बनने पर खुशी मनाते हुए।



**गोहाना।** खेलों प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा दिखाते हुए बाल खिलाड़ी।

### बाल खिलाड़ियों ने खेल प्रतियोगिताओं में दिखाई प्रतिभा

**गोहाना।** गोहाना-सोनीपत मार्ग स्थित ईश्वर इंटरनेशनल स्कूल में बाल दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह में विद्यार्थियों ने न केवल सांस्कृतिक गतिविधियों में अपना जलवा दिखाया अपितु खेल प्रतियोगिताओं में भी अपना प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विजेताओं को स्कूल के एमडी अनिल मलिक और प्राचार्या उषा कौशिक ने पुरस्कृत किया। खेलों में कक्षा नर्सरी से दूसरी तक के छात्रों ने एनिमल रेस, पिक द बॉल रेस, हर्डल रेस और बैलेंस रेस, कक्षा तीसरी से 5वीं तक के विद्यार्थियों ने 50 मीटर रेस, 100 मीटा रेस और थ्री लैग रेस, कक्षा छठी से कक्षा 8वीं तक के विद्यार्थियों ने 100 मीटर रेस, 200 मीटर रेस, रिले रेस, कबड्डी प्रतियोगिता, ऊंची कूद और रस्साकस्सी, कक्षा 9वीं से 12वीं के छात्रों ने 100 मीटर रेस, 200 मीटर रेस, रिले रेस, वालीबॉल, रस्साकस्सी, शॉटपुट, कबड्डी फुटबाल और चैस में अपनी प्रतिभा प्रदर्शित की। स्कूल के एमडी अनिल मलिक ने विद्यार्थियों को बाल दिवस का महत्व बताया। उनके अनुसार बाल दिवस 14 नवंबर को पूर्व प्रधानमंकत्री स्व. जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिवस को याद करते हुए मनाते हैं।

## बिहार में एनडीए की जीत पर राई में जश्न, लड्डू बांटकर मनाई खुशी



**राई।** निगम पार्षद एंव युवा नेता पुनीत राई लड्डू बाटकर खुशी मनाते हुए।

**राई।** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन की शानदार जीत पर राई क्षेत्र में उत्साह और जश्न का माहौल देखने को मिला। भाजपा नेता एवं नगर निगम पार्षद पुनीत राई ने इस ऐतिहासिक विजय पर अपने कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ लड्डू बांटकर खुशी का इजहार किया। कार्यालय परिसर में सुबह से ही कार्यकर्ताओं का जमघट लगना शुरू हो गया था। जश्न के दौरान पार्षद पुनीत राई ने कहा कि बिहार की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास मॉडल और सुशासन में अपना विश्वास मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि यह जीत उन लोगों के लिए करारा जवाब है जो देश की प्रगति पर लगातार सवाल उठा रहे थे। जनता ने फिर साबित कर दिया कि वह विकास, राष्ट्रवाद और सुरक्षित भविष्य के लिए भाजपा और एनडीए के साथ खड़ी है। पुनीत राई ने कहा कि गरीबों, किसानों, नौजवानों और समाज के कमजोर वर्गों के लिए चलाई जा रही योजनाओं का लाभ जिस तरह बिहार तक पहुंचा है, उसी का परिणाम यह ऐतिहासिक जनादेश है। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष तीरथ राणा, वरिष्ठ कार्यकर्ता, महिला मोर्चा पदाधिकारी, युवा मोर्चा टीम और सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बिहार में एनडीए की जीत पर राई में जश्न कार्यकर्ताओं ने लड्डू बांटकर मनाई खुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की भारी विजय के बाद भाजपा कार्यालय राई में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने लड्डू बांटकर जश्न मनाया। वरिष्ठ भाजपा नेता मास्टर सतनारायण आंतिल ने बिहार की जनता का आभार प्रकट करते हुए कहा कि विकास और सुशासन पर जनता के भरोसे ने इस जनादेश को और मजबूत बनाया है। उन्होंने कहा कि अब बिहार में विकास की रफ्तार और तेज होगी तथा राज्य और अधिक मज़बूत बनकर उभरेगा।

मास्टर आंतिल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का विकास मॉडल जनता के बीच भरोसे का प्रतीक बन गया है। बिहार की यह जीत इसका प्रमाण है कि जनता ने राष्ट्रहित और विकास को प्राथमिकता देते हुए एनडीए को एक बार फिर प्रचंड समर्थन दिया है। जश्न के दौरान कार्यालय कार्यकर्ताओं से खचाखच भरा रहा। इस मौके पर श्री भगवान जोगी नांगल (उपाध्यक्ष, ओबीसी मोर्चा), राजबीर पलड़ी, संदीप मेंबर बहालगढ़, रमेश आसावरपुर, जयपाल बहालगढ़, सोहनलाल बहालगढ़, प्रताप इंदिरा कॉलोनी, राजेंद्र मुकीमपुर, प्रेम दीपालपुर, सुखबीर दीपालपुर, जय किशन खेवड़ा, जगमिंदर सैनी चौहान जोशी, राज चौहान जोशी समेत अनेक गांवों के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



**राई।** भाजपा नेता मास्टर सतनारायण आंतिल ने बिहार में जीत पर लड्डू बाटकर खुशी मनाते हुए।

### पोस्को एक्ट पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**राई।** ताऊ देवी लाल राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय मुरथल में आंतरिक शिकायत समिति द्वारा पोस्को एक्ट विषय पर जागरूकता कार्यक्रम हुआ। जिसमें लिंग केंद्रित शिक्षा व किशोर स्वास्थ्य विषयों के अनुभवी मास्टर ट्रेनर मुकेश दिगानी ने पीपीटी के माध्यम से विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। कार्यक्रम की संयोजिका प्रो. डा. ज्योति राज ने दिगानी का पौधा भेंट कर स्वागत किया। दिगानी ने बताया कि अधिनियम कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा और गरिमा सुनिश्चित करने वाला महत्वपूर्ण कानून है। उद्देश्य कार्यस्थल पर यौन उत्पीडन की रोकथाम, शिकायतों का निवारण तथा सुरक्षित वातावरण तैयार करना है। उन्होंने आंतरिक शिकायत समिति की संरचना, कार्यप्रणाली और शिकायत प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## डीएवी स्कूल में बाल दिवस पर छात्रों ने विभिन्न खेलो में दिखाई प्रतिभा



**गन्नौर।** स्कूल की मैनेजर अनिता वडेरा का प्रधानाचार्य सुनील शर्मा विजेत छात्रों को सम्मानित करते हुए।

**गन्नौर।** जयंती प्रसाद डीएवी पब्लिक स्कूल में बाल दिवस पर वार्षिक खेलकूद स्पर्धा हुई। स्कूल की मैनेजर अनिता वडेरा ने छात्रों, अध्यापकों और अभिभावकों के सहयोग से आसमान में गुब्बारों को छोड़कर शुरूआत की। स्कूल खेल कूद प्रतियोगिता का शुभारम्भ मसाल जलाकर, शपथ के साथ विधिवत रूप से हुआ। नन्हें मुन्ने बच्चों ने लेमन रेस,सैक रेस, रैबिट रेस, छतरी रेस, भूतिया मुखौटा रेस, हर्डल रेस, मटकी , खरगोश, शेर, मंडक, स्पाइडर, संतुलन रेस और हुल्ला हूप जैसी दौड़ में हिस्सा लिया। मटकी दौड़ में तनिष ने प्रथम, रैबिट रेस में हैंशवी,संतुलन दौड़ में अमायरा, शेर दौड़ में रुद्र शर्मा, भूतिया मुखौटा दौड़ में विनीत,बटरफ्लाई रेस में गुंजन मटका रेस में मानवी ने पहला स्थान प्राप्त किया। अभिभावकों के लिए भी महिला मटका रेस में उर्मी को पहला स्थान प्राप्त हुआ। सभी विजेताओं को मेडल्स और ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य सुनील शर्मा ने स्कूल का वार्षिक रिपोर्ट भी प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि स्कूल मैनेजर अनिता वडेरा ने संबोधित किया।

## चाचा नेहरू के आदर्श आज भी प्रासंगिक, बच्चों में जागृत करनी होगी नई प्रेरणा : कमल दिवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिला कांग्रेस भवन में शुक्रवार को बाल दिवस बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस के जिला अध्यक्ष कमल दिवान और ग्रामीण जिला अध्यक्ष संजीव दहिया ने संयुक्त रूप से की। इस अवसर पर पंडित जवाहरलाल नेहरू को नमन करते हुए उनके जीवन, विचारों और बच्चों के प्रति उनके समर्पण को याद किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत चाचा नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई।

जिला अध्यक्ष कमल दिवान ने कहा कि पंडित नेहरू केवल देश के प्रथम प्रधानमंत्री ही नहीं थे, बल्कि बच्चों के प्रति उनका लगाव और शिक्षा व राष्ट्र निर्माण को लेकर उनका दृष्टिकोण आज भी उतना ही प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और नेहरू जी का संदेश हमें यह सिखाता है कि उन्हें बेहतर शिक्षा, संस्कार और अवसर प्रदान करना हर समाज और सरकार की पहली जिम्मेदारी है। आज के समय में नेहरू के लोकतांत्रिक मूल्यों, वैज्ञानिक सोच और धर्मनिरपेक्ष दृष्टि को अपनाना बेहद जरूरी हो गया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे नेहरू के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाकर समाज में जागरूकता का वातावरण बनाएं।



**सोनीपत।** कांग्रेस भवन में कार्यक्रम के दौरान पंडित जवाहर लाल नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए।

### नेहरू के आदर्शों पर चलें

ग्रामीण जिला अध्यक्ष संजीव दहिया ने कहा कि बाल दिवस का मूल उद्देश्य बच्चों में सकारात्मक ऊर्जा, संवेदनशीलता और रचनात्मकता बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से बच्चों और युवाओं के हितों के लिए काम करती रही है और आगे भी करती रहेगी। कार्यक्रम के अंत में कार्यकर्ताओं ने नेहरू के आदर्शों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों ने बाल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में पूर्व विधायक पदम सिंह दहिया, सुरेंद्र दहिया प्रधान, मेघा दिवान, जय भगवान अंतिल, सुरेंद्र शर्मा, प्रेम नारायण गुप्ता, राकेश सोदा प्रवक्ता, अमनदीप, सरल मलिक, पायल मलिक, दयानंद वाल्मीकि, सरदार इंद्रपाल, प्रेम रेलन, ऋतुराज आदि मौजूद रहे।

## शिवा शिक्षा सदन में करियर क्वेस्ट कार्निवल का आयोजन

# दो चरणों में विद्यार्थियों को दी करियर की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शिवा शिक्षा सदन, सोनीपत में करियर क्वेस्ट कार्निवल का आयोजन किया गया। देशभर के 15 विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी ने विद्यार्थियों को न केवल करियर के विविध विकल्पों से परिचित कराया, बल्कि उन्हें यह भी समझाया कि आज के समय में कौशल, दृष्टि और तैयारी का कितना महत्व है। इन संस्थानों के प्रतिनिधियों ने विभिन्न करियर क्षेत्रों जैसे इंजीनियरिंग, डिज़ाइन, साइबर टेक्नोलॉजी, डेटा साइंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, बिज़नेस मैनेजमेंट, उद्यमिता, सामाजिक विज्ञान, मीडिया, मनोविज्ञान, होटल प्रबंधन तथा उभरते हुए स्टार्टअप इकोसिस्टम पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि कैसे भारत और विश्व स्तर पर करियर के नए आयाम खुल रहे हैं और किस प्रकार से नई पीढ़ी इन क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दे सकती है।



**सोनीपत।** शिवा शिक्षा सदन में कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए।

### करियर मार्गदर्शन से बदली दिशा

करियर क्वेस्ट कार्निवल के तहत पहला चरण सामूहिक मार्गदर्शन सत्र था जिसमें विशेषज्ञों ने वैश्विक करियर परिदृश्य, उद्योगों की बदलती आवश्यकताएं, 21वीं सदी के कौशल, डिजिटल क्षमता, नेतृत्व, संचार कौशल, क्रिटिकल थिंकिंग और नवाचार की भूमिका पर गहन विमर्श किया। इससे विद्यार्थियों को वर्तमान वास्तविकताओं और भविष्य के अवसरों की स्पष्ट तस्वीर मिली। दूसरा चरण व्यक्तिगत परामर्श सत्र था। इसमें विद्यार्थियों को चुनिंदा विशेषज्ञों से आमने-सामने संवाद करने का अवसर मिला। उन्होंने अपनी रुचियों, लक्ष्यों, संभावनाओं और चुनौतियों को खुलकर रखा तथा विशेषज्ञों से व्यक्तिगत, सटीक और व्यावहारिक मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस सत्र ने उनके मन में व्याप्त भ्रम को दूर करके उन्हें करियर दिशा में ठोस और आत्मविश्वासी बनाया। शिवा शिक्षा सदन की प्राचार्या अल्का विज ने अपने सारगर्भित संदेश में कहा कि करियर मार्गदर्शन केवल जानकारी का आदान-प्रदान नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को स्वयं को समझने और अपनी क्षमता की पहचान कराने की प्रक्रिया है। विद्यालय के निदेशक अरुण बंसल ने कहा कि आज का समय प्रतिस्पर्धा से अधिक अवसरों का समय है और विद्यार्थियों को उन अवसरों को पहचानने की जरूरत है। आज का युवा केवल करियर नहीं चुन रहा, बल्कि वह अपनी पहचान, अपने उद्देश्य और अपने जीवन की दिशा तय कर रहा है। उसे जरूरत है एक ऐसे मंच की, जहाँ उसे प्रेरणा भी मिले और विश्वसनीय मार्गदर्शन भी। शिवा शिक्षा सदन इसी जिम्मेदारी को समर्पित भाव से निभा रहा है।